Science Day Celebration (28/02/2024



शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में साइंस क्लब की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 28/2/2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यू .एन.कुर्रे विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आर.के. बनर्जी एवं डॉक्टर विष्णु कुमार वर्मा उपस्थित रहे।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वल एवं माल्यार्पण कर किया गया।तत्पश्चात भौतिक शास्त्र विभाग से प्रोफेसर उपेंद्र कुमार वर्मा जी के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की उपलक्ष में विज्ञान दिवस की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक पर आधारित मोटिवेशनल स्पीच दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर आर .के.बनर्जी ने विज्ञान की उपयोगिता एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर विष्णु कुमार वर्मा जी ने सी.वी .रमन के खोज की जानकारी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत कर छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर यू . एन.कुर्रे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक अवधारणाओं के माध्यम से विकसित भारत विकासशील की श्रेणी में अग्रसर होने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी विभिन्न द्वारा मंच के माध्यम से प्रस्तुत की इस अवसर पर विज्ञान विभाग की स्नातकोत्तर छात्रा /छात्राओं द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवम मॉडल प्रस्तुतीकरण दिया गया।उक्त कार्यक्रम का संचालन रसायनशास्त्र विभाग की विभागध्यक्ष वंदना राठौर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राणीशास्त्र विभाग से सहायक प्राध्यापक आरिफा परवीन के द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों के साथ ही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।